## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस मैहर का विशेष अभियान

**मैहर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में,यातायात पुलिस मैहर ने रीवा-कटनी एनएच मार्ग पर स्थित ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती चंचल नगर के निर्देशन में यातायात प्रभारी विक्रम पाठक व उनकी टीम सक्रिय रही। अभियान के तहत,पोड़ी-नकतरा मोड़,घुनवारा मोड़ एवं झुकेही मोड़ जैसे संवेदनशील स्थानों पर अधिकारियों ने ऑटो चालकों,ढाबा संचालकों और स्थानीय ग्रामीणों को महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया। मैहर अस्पताल के डॉ.जितेंद्र कुमार मिश्रा ने इस दौरान सीपीआर और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने दुर्घटना के तुरंत बाद किए जाने वाले प्राथमिक उपचार और घायल को सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी विक्रम पाठक, प्र.आर. नर्सिंग शर्मा एवं प्र.आर.दानबहादुर उपस्थित रहे।अधिकारियों ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की।यातायात पुलिस मैहर ने यह संकल्प व्यक्त किया है कि वे आगे भी ऐसे जन-जागरूकता अभियानों को निरंतर जारी रखेंगे ताकि सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रूप से कमी लाई जा सके। इस तरह के प्रशिक्षण से स्थानीय लोग सड़क दुर्घटनाओं के शिकार हुए लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### पुलिस का विशेष चेकिंग अभियानः ब्लैक फिल्म हटवाई, बिना हेलमेट पर चालान



**मैहर।** पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में,यातायात पुलिस मैहर द्वारा शहर एवं प्रमुख मार्गों पर व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यातायात प्रभारी विक्रम पाठक की टीम लगातार वाहनों की कड़ी जांच कर रही है,जिसका उद्देश्य यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना है।अभियान के दौरान आज कई वाहनों से ब्लैक फिल्म हटवाई गई। चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए सख्त समझाइश दी गई ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। चेकिंग के दौरान एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए,महिला बाल विकास विभाग की एक महिला कर्मचारी का बिना हेलमेट वाहन चलाने पर चालान किया गया। पुलिस की इस निष्पक्ष पहल की सराहना करते हुए,महिलाओं ने भी भविष्य में अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने का संकल्प लिया। यातायात पुलिस मैहर ने सभी नागरिकों से एक महत्वपूर्ण अपील की है कि चाहे महिला हो या पुरुष,सभी वाहन चालक हेलमेट और सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। ऐसा करने से सड़क दुर्घटना के समय होने वाले जोखिम को कम किया जा सकता है। यह अभियान सड़क पर अनुशासन और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

### थाना देहात पुलिस ने गुम हुए तीन नाबालिग बालक 2 घंटे में सकुशल बरामद किए



**मैहर।** थाना देहात पुलिस ने अपनी तत्परता और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट परिचय देते हुए एक सराहनीय कार्य किया है। पुलिस ने गुमशुदा तीन नाबालिग बालकों को सूचना मिलने के मात्र दो घंटे के भीतर सकुशल तलाश कर उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। आज ग्राम जमताल निवासी फरियादी ने थाना देहात में 08 वर्ष,11 वर्ष और 12 वर्ष के तीन नाबालिग बालकों की गुमशुदगी की सूचना दी।फरियादी ने यह भी बताया कि गुम हुए एक बालक के पास मोबाइल है। सूचना मिलते ही,थाना देहात पुलिस की टीम बिना समय गंवाए तत्काल सक्रिय हो गई। टीम ने संभावित स्थानों,आस-पड़ोस क्षेत्रों और स्थानीय लोगों से जानकारी एकत्र करने के साथ-साथ तकनीकी संसाधनों की सहायता से बालकों की पता तलाश शुरू की। पुलिस की मेहनत रंग लाई और तीनों नाबालिग बालक सुरक्षित मिल गए। सभी कानूनी औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## पुलिस चौकी में हाई-वोल्टेज ड्रामा: एएसआई पति को प्रेमिका संग रंगे हाथों पकड़ा

# पत्नी-बेटे ने जमकर की हाथापाई!







यहां के सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल की पुलिस चौकी उस वक्त अखाड़े में बदल गई,जब पुलिस लाइन में पदस्थ एक सहायक उपनिरीक्षक रामायण सिंह को उनकी पत्नी और बेटे ने एक कथित प्रेमिका के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया।

**सतना।**

पति-पत्नी और कथित प्रेमिका के बीच शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि चौकी के अंदर ही जमकर हाथापाई हो गई। इस पूरे हंगामे का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,जिसने पुलिस विभाग की मर्यादा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### चौकी के अंदर मचा बवाल

काफी समय से सहायक उप निरीक्षक रामायण सिंह पर शक कर रही उनकी पत्नी और बेटे ने पीछा करते हुए उन्हें जिला अस्पताल स्थित पुलिस चौकी में कथित प्रेमिका के साथ देख लिया। इसके बाद पत्नी और बेटा आग-बबूला हो गए और कथित प्रेमिका के साथ उनकी जोरदार झड़प हुई। वीडियो फुटेज में साफ दिख रहा है कि पत्नी और बेटे ने महिला को पकड़कर खींचा,जिसके बाद एएसआई और अन्य पुलिसकर्मियों को बीच-बचाव करना पड़ा।

### कोतवाली थाने पहुंची 'फ्रॉडगिरी' की जंग

हंगामा बढ़ने के बाद दोनों पक्षों को शांत कराकर कोतवाली थाने ले जाया गया। पत्नी अनीता सिंह ने पति और कथित प्रेमिका पर अवैध संबंध के साथ-साथ गंभीर वित्तीय धोखाधड़ी और 'फ्रॉडगिरी' का आरोप लगाया है और न्याय की मांग की है। जवाब में एएसआई रामायण सिंह ने भी अपनी पत्नी और उनके पक्ष पर जवाबी आरोप लगाते हुए घर में चोरी,लॉकर तोड़ने और उनकी मां के नाम की जमीन की रजिस्ट्री तक गायब करने का दावा किया है। उनके बेटे प्रतीक सिंह ने भी मीडिया में अपनी बात रखी है। फिलहाल,पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए हैं और इस हाई-प्रोफाइल पारिवारिक विवाद के साथ-साथ लगाए गए गंभीर वित्तीय आरोपों की जांच कर रही है।

## एनएच-30 पर भीषण सड़क हादसा: कार ने मोटर साइकल सवारों को रौंदा, दो की हालत गंभीर



**मैहर।**

रीवा-कटनी मार्ग पर स्थित नेशनल हाईवे 30 (NH30) के हरनामपुर बायपास रोड पर आज एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक कार और मोटरसाइकल की जबरदस्त टक्कर हुई,जिसमें मोटर साइकल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना इतनी तीव्र थी कि टक्कर के कारण कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद,मौके पर चीख-पुकार मच गई।दुर्घटनास्थल से गुजर रहे समाज सेवी अभिषेक पाण्डेय ने तत्परता दिखाई और मानवता का परिचय देते हुए अपने निजी वाहन से सभी घायल व्यक्तियों को तुरंत मैहर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, घायल हुए मोटरसाइकल सवारों में से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है,जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। इस हादसे ने एक बार फिर हाईवे पर तेज रफ्तार और सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया है।स्थानीय पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।समाजसेवी अभिषेक पाण्डेय की त्वरित मदद से घायलों को समय पर उपचार मिल सका,जिससे उनकी जान बचने की उम्मीद बढ़ गई है। यह घटना हाईवे पर सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता को दर्शाती है।

## झूठी फायरिंग की रिपोर्ट दर्ज कराने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**सतना।**

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में नागौद पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। फायर करके झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वाले मुख्य आरोपी समीर सौदागर को गिरफ्तार कर लिया गया है,और घटना में प्रयुक्त 12 बोर का देशी कट्टा और कारतूस का खाली खोखा भी जब्त किया गया है।

### क्या था मामला?

समीर सौदागर उम्र 22 साल ने नागौद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पुरानी रंजिश के चलते निशांत सिंह और दो अन्य व्यक्तियों ने उसे रोककर गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से उस पर फायर कर दिया,जिससे उसके बाएँ हाथ की छोटी उंगली में गोली लग गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने जब तथ्यों की जाँच की,तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। आरोपी



निशांत सिंह की मोबाइल टावर लोकेशन घटना के समय पूर्णे (महाराष्ट्र) की पाई गई,जिससे उसका अपराध में शामिल होना प्रमाणित नहीं हुआ। जाँच में पता चला कि घटना के दिन समीर सौदागर अपने साथियों संजय बेलदार, प्रदीप प्रजापति,राजाबाबू ताम्रकार,दिल्लू मुसलमान और हिमांशु यादव उर्फ मन्ते यादव के साथ गांजा पीने के बाद कार से जा रहा था। इसी दौरान,समीर सौदागर अपने पास रखे कट्टे से स्नैप वीडियो बना रहा था। पुलिया पार करते समय अचानक कट्टे से फायर हो गया,जिससे गोली समीर के ही हाथ में लग गई। इसके बाद समीर सौदागर और उसके साथियों ने मिलकर एक झूठी और मनगढ़ंत कहानी बनाकर पुरानी रंजिश के आधार पर निशांत सिंह के खिलाफ झूठा मुकदमा (अपराध क्र. 864/25) दर्ज करा दिया। विवेचना से झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने और साक्ष्य छिपाने का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर,समीर सौदागर सहित उसके 6 साथियों जिनमें 3 गिरफ्तार के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मुख्य आरोपी समीर सौदागर पिता शरीफ सौदागर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

## मैहर-सोनवारी एनएच-11 पर रफ्तार का कहर
## अनियंत्रित बस खेत में जा घुसी, कई यात्री घायल



**मैहर**

मैहर से सोनवारी मार्ग पर स्थित नेशनल हाईवे 11 (NH-11) पर आज एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। यात्रियों से खचाखच भरी एक बस अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क से नीचे उतर गई और पास के एक खाली खेत में जा घुसी। बस क्रमांक MP19 P0664 अपने निर्धारित रूट मैहर से सोनवारी की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,बस की गति अनियंत्रित थी,जिसके कारण चालक वाहन पर काबू नहीं रख सका और बस सीधे सड़क छोड़कर समीप के खेत में जा धंसी। हादसा होते ही घटनास्थल पर यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। राहत की बात यह रही कि इस भीषण दुर्घटना में अभी तक किसी भी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं है। हालांकि,हादसे में कई यात्रियों को मामूली और कुछ को गंभीर चोटें आई हैं। आसपास के खेतों में काम कर रहे स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई। पुलिस और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार हेतु नजदीकी सिविल अस्पताल भेजा गया,जहाँ उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से बस को बाहर निकालने और यातायात को सुचारु करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह घटना हाईवे पर ओवर-स्पीडिंग के खतरों को उजागर करती है।

## होटल मेघदूत के सामने जान से मारने की नीयत से कार चढ़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सतना।**



सिटी कोतवाली पुलिस ने लालता चौक स्थित होटल मेघदूत के सामने जान से मारने की नियत से युवक पर गाड़ी चढ़ने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक रात करीब 11:30 बजे,फरियादी राहुल सिंह उर्फ विक्की अपने साथियों के साथ मेघदूत होटल में खाना खाने गए थे।इसी दौरान,आरोपी अतीक उर्फ बूचा ने अपने साथी शेरू के साथ होटल के अंदर आकर गाली - गलौज और मारपीट की स्थिति निर्मित की और फरियादी को जान से मारने की धमकी दी। जब फरियादी खाना खाकर बाहर निकले, तो पहले से घात लगाए बैठे आरोपी अतीक उर्फ बूचा ने अपनी ग्रैन्ड विटारा कार (कीमत 12लाख) फरियादी राहुल सिंह पर जान से मारने की नीयत से तेज गति से चढ़ा दी और भाग गया। घायल राहुल सिंह को जिला अस्पताल सतना ले जाया गया। पुलिस ने अपराध धारा 109(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर,पुलिस टीम ने मो.अतीक उर्फ बूचा पिता मो.मुस्ताक खान,उम्र 30 वर्ष,निवासी नजीराबाद गली नं. 06 को नजीराबाद बस स्टैंड के पास से घेराबंदी कर धरदबोचा। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। घटना में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली गई है। फरार अन्य आरोपी शेरू की तलाश जारी है।

### नीतीश कुमार का 10वीं बार मुख्यमंत्री बनना खुशी की बात :सुरेंद्र

**सतना।** जदयू राष्ट्रीय कार्यसमिति के पूर्व सदस्य,अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने नीतीश कुमार के बिहार के 10वीं बार मुख्यमंत्री बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सुशासन पूर्ण नीतियों के चलते बिहार की जनता ने पुनः उनके और एनडीए के प्रति अभूतपूर्व स्नेह का प्रदर्शन किया। श्री शर्मा ने नीतीश कुमार को ईमानदारी,सुशासन पूर्ण पारदर्शी व्यवस्था,सामाजिक न्याय,और न्याय के साथ विकास का प्रतीक बताया। उनकी सादगी और सहजता उनके व्यक्तित्व की पहचान है, जिसके चलते समूचे एनडीए परिवार ने उन्हें यह अवसर दिया। श्री शर्मा के साथ ही काशी पटनहा, लक्ष्मण सिंह पटेल,एड गोविंद द्विवेदी,प्रकाश निगम,विनय अग्रवाल,विजय जैन,रामभुवन त्रिपाठी, शिवाकांत शर्मा,नृपेंद्र सिंह,कृष्णकांत

## कांग्रेस का बूथ स्तर पर बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविर आयोजित






**मैहर।**

कांग्रेस पार्टी ने आगामी विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को प्रभावी और जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से मैहर विधानसभा क्षेत्र में बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।इसका मुख्य लक्ष्य मतदाता सूची को पारदर्शी और सटीक बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मैहर,बदेरा,अमदरा और नादन,चारों ब्लॉकों के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय और गंभीर सहभागिता दिखाई,जिसने संगठन का मनोबल बढ़ाया। कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर अपनी जिम्मेदारियों,फॉर्म भरने की सही प्रक्रिया,सत्यापन के मानदंडों और फर्जी प्रविष्टियों को चिन्हित करने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहराई से मंथन किया। प्रशिक्षण दाताओं में प्रभारी रसूल खान,श्रीमती सीमा बागरी,डॉक्टर रश्मि सिंह,जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई,और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मनीष पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यकर्ताओं को चरणबद्ध तरीके से पूरी प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया।नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करेगा। उनका मानना है कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता की मजबूती सीधे तौर पर संगठन की पकड़ और जनता के विश्वास को सुदृढ़ करेगी। कार्यकर्ताओं ने अपने सवाल भी रखे जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। कांग्रेस ने भरोसा जताया है कि यह प्रशिक्षण आगामी चुनाव प्रक्रिया में पार्टी के जनसंपर्क को और अधिक प्रभावी बनाएगा।



## खबर संक्षेप

### शिवधाम में श्री राम चरितमानस पारायण एवं शिवार्चन का हुआ आयोजन



**पवई।** नगर के वार्ड क्रमांक 08 मे शिवधाम निवासी पंडित रमेश प्रसाद पांडेय शास्त्री जी के निवास पर बुधवार 19 नवंबर को श्रीरामचरितमानस पारायण का आयोजन किया गया एवं गुरूवार 20 नवंबर को मानस पाठ की समाप्ति के उपरान्त एक रुद्रीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक, शिवार्चन आचार्य पंडितों के द्वारा किया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया इस धार्मिक आयोजन मे सम्मलित होकर श्रद्धालुओं एवं शिष्यों ने धर्म लाभ उठाया।

### तेज रफ़्तार ऑटो से सरकी महिला, गंभीर रूप से हुई घायल



**अमानगंज।** पन्ना जिले के सुनवानी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत जैतपुर जिला छतरपुर से तेज रफ्तार में आ रही एक ऑटो जो सुनवानी साप्ताहिक बाजार करने आ रही थी उसमें कई सवारियां बैठी हुई थी साथ ही एक महिला कस्तूरी बाई कुशवाहा पति दशरथ कुशवाहा उम्र 25 वर्ष निवासी जैतपुर असंतुलित हुई तेज रफ़्तार ऑटो से सरक कर नीचे जा गिरी और तेज रफ़्तार ऑटो आगे निकल गया इस घटना में महिला को शरीर के कई अंगों पर चोटे आई जिसे गंभीर हालत में अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु दाखिल कराया गया और प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला चिकित्सालय पन्ना के लिए रेफर कर दिया गया।

### करणी सेवा के प्रदेश अध्यक्ष अमानगंज पहुंचे, कई स्थानों पर हुआ जोरदार स्वागत



**अमानगंज।** करणी सेना मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जीवनलाल जी शयोरपुर अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अमानगंज पहुंचे आपके पहुंचते ही पार्टी संगठन के उत्साही कार्यकर्ताओं ने भारी आतिशबाजी के साथ आपका स्वागत करते हुए एक विशाल स्वागत यात्रा बाइक रैली के रूप में नगर के भगत सिंह की पूजा अर्चना करने के साथ आरंभ की स्वागत यात्रा और प्रदेश अध्यक्ष का नगर में कई स्थानों पर भारी स्वागत हुआ नगर के गांधी चौक पर अमानगंज नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी पार्षद मुकेश चौबे प्रदीप अवस्थी अरविंद दुबे जगदीश गुप्ता, मस्तराम राजपूत शहर संगठन के विभिन्न पदाधिकारी के साथ प्रदेश अध्यक्ष जीवनलाल जी का स्वागत करते हुए उन्हें भगत सिंह जी की एक प्रतिमा उपहार के रूप में देते हुए अमानगंज आगमन पर उनका हार्दिक अभिनंदन और वंदन किया।

### तहसील, कोतवाली व नगर परिषद को सौंपे ज्ञापन, विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने फोन पर दिया तत्क्षण आश्वासन

# देवेंद्र नगर में जर्जर राजमार्ग -39 पर व्यापारी संघ का फूटा गुस्सा

## सात दिन में कार्रवाई नहीं तो चक्का जाम की चेतावनी



**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर से होकर गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पिछले कई महीनों से बदहाल स्थिति में है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढे, उफनती धूल और आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं ने आमजन और व्यापारियों दोनों का जीवन संकट में डाल दिया है। इसी गंभीर समस्या को लेकर आज व्यापारी संघ देवेंद्रनगर ने कलेक्टर पन्ना के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए सात दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई की मांग की। संघ ने चेतावनी दी कि समय सीमा में सुधार न होने पर चक्का जाम जैसे बड़े आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। व्यापारी संघ ने नगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु तीन विभागों को क्रमशः ज्ञापन दिए। तहसीलदार को दिए गए पहले ज्ञापन में राजमार्ग 39 की दयनीय स्थिति और बढ़ते हादसों पर तत्काल मरम्मत की मांग रखी गई। दूसरा ज्ञापन कोतवाली को, जिसमें नगर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया। तीसरा ज्ञापन नगर परिषद को, जिसमें सड़क से उड़ रही भारी धूल को देखते हुए नियमित पानी छिड़काव, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य सुरक्षा के ठोस उपाय सुनिश्चित करने की मांग की गई। इस मुद्दे को व्यापारी संघ ने स्थानीय विधायक डॉ. राजेश वर्मा तक भी पहुंचाया। संघ के मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता से फोन पर हुई चर्चा में विधायक ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि वे सड़क मरम्मत कार्य को लेकर विभागीय स्तर पर गंभीर पहल करेंगे। व्यापारी संघ ने स्पष्ट किया कि नगर सीमा में केवल गड्ढों की मरम्मत पर्याप्त नहीं है। देवेंद्रनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित महत्वपूर्ण नगर है, अतः सड़क पर नई डामर की पूरी परत बिछाकर समुचित और टिकाऊ मरम्मत करवाई जाना अनिवार्य है। ज्ञापन सौंपने के दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष शिवबालक नायक, सचिव शिरीष अग्रवाल, श्याम सुंदर गुप्ता, सचिन सिंघल (सोनू), सुधांशु अग्रवाल, कमलेश जैन, सूर्यप्रकाश अग्रवाल (डिंपी), संजय जायसवाल, पत्रकार सुधीर अग्रवाल, तथा मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। इस मुद्दे पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी ललित गुप्ता ने भी कहा कि उन्होंने कुछ दिन पूर्व ही संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों को देवेंद्रनगर की सड़क मरम्मत के लिए ठोस और व्यवस्थित कार्रवाई करने हेतु अवगत करा दिया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि "नगरहित और व्यवस्था के लिए मैं हर पल जनता के साथ खड़ी हूँ।"

## दो-तीन वर्षों से रेल्वे तीसरी लाइन कार्य में निरंतर अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विगत 2-3 वर्षों से रेल्वे तीसरी लाइन कार्य के चलते रेल्वे लाइन के आसपास की ग्राम पंचायतों में व आस-पास निरंतर अवैध उत्खनन बडे पैमाने पर हो रहा है। वही रेल्वे लाइन के आस पास की पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत तलैया व खेत तालाब का निर्माण कार्य हो गया जिसमें मुरम रेल्वे में चली गई और पैसे मिल गये, वही मनरेगा में काम दर्शा दिया। जिससे दोनों तरफ से पैसा मिल गया। शिकायत के बाद भी ना खनिज अधिकारी आये और न जनपद के। पंचायत में काम हो गया लेकिनजनपद के अधिकारी भी मौके पर देखने नहीं आये कि काम ठीक से हुआ है नहीं। अधिकारियों की मिलीभगत से मशीन से काम हो गया। कार्य मजदूरों से दिखाकर पैसा निकल गया। लेकिन सोचने वाली बात है कि सब कुछ मनमर्जी से चलता रहा लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया गया कि किस तरह से शासकीय पैसा का खुला दुरूपयोग हो गया और बंदरबांट योजना में सब मैनेज हो गया। रेल्वे ठेकेदार द्वारा जब जब उत्खनन की अनुमति मांगी तो कभी जिला कलेक्टर से स्वीकृति तो कभी किसी राजनैतिक व्यक्ति का काम होने का बता देते रहें। निरंतर कार्य चल रहा पर जब जब कोई कार्यवाही की गई तो सिर्फ खानापूर्ति कर ली गई।

रेल्वे कार्य के चलते पथरिया दमोह सड़क मार्ग पर डंफरों की धमा चौकड़ी रातों-रात में चलती रही जिससे सड़क मार्ग जर्जर हालत में हो गया वही खेजरा खेर के पास जबसे मुरम डाली जा रही है। वहां इतनी धूल के गुब्बारे उड़ रहें कि राहगीरों को परेशानी हो रही फिर भी ठेकेदार द्वारा पानी तक नही डलवा रहें कि आमजनों को राहत मिल सकें। जिला प्रशासन से अपेक्षा है कि उक्त रेल्वे तीसरी लाइन निमार्ण कार्य की निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच कराई जाए और लाइन के आसपास जिन पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत लाइन के 1 किमी के आसपास जो तलैया तालाब खोदें गये उसकी जांच हो।

### पांच वर्षों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**दमोह।** दमोह कोतवाली पुलिस ने पांच वर्षों से फरार स्थायी बारंटी को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना तंत्र मजबूत किया जिसके तारतम्य में दिनाँक 19.11.25 को मुखबिर से सूचना के आधार पर स्थायी बारण्टी विजय लोधी ठाकुर पिता लक्खू ठाकुर उम्र 23 साल निवासी जटाशंकर कालोनी दमोह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली के अप.क्र. 1150/21, अप.क्र. 593/23, अप.क्र. 594/23 मे माननीय न्यायालय द्वारा 03 स्थायी बारण्ट जारी किये गये थे आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई लक्ष्मीबाई व इंदिरा गांधी जयंती

### वीरांगना-प्रेरणा दिवस पर छात्रों ने जाना शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति का संदेश

**पन्ना।** संस्कारों की जननी सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर के सभागार में आज राष्ट्रनायिका महारानी लक्ष्मीबाई एवं देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती उत्साह, गरिमा और सांस्कृतिक गरिमाओं के अनुरूप मनाई गई। विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति, प्रेरणा और संस्कारों के दिव्य वातावरण से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत एवं प्रधानाचार्य शिवेंद्र नामदेव ने मां वीणावादिनी के चित्र पर तिलक, वंदन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों महान व्यक्तित्वों को नमन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई और इंदिरा गांधी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता और त्याग का परिचय दिया, जिनका जीवन प्रत्येक छात्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वरिष्ठ आचार्य सूर्यकांत तिवारी जी ने दोनों महान विभूतियों के जीवन-चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्रों को बताया कि वीरता, संकल्प, निष्ठा और राष्ट्रप्रेम ही व्यक्तित्व को महान बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अध्ययन, अनुशासन और संस्कारों के माध्यम से ऐसे ही आदर्शों को अपने जीवन में धारण करें। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण एवं वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। अंत में विद्यालय परिवार ने संकल्प दोहराया कि सरस्वती शिक्षा परिषद एवं विद्या भारती की गौरवमयी परंपराओं के अनुरूप विद्यार्थियों में संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रधर्म की ज्योति प्रज्वलित करते रहेंगे।

## नीति आयोग व आयुष विभाग से मान्यता प्राप्त संस्था एमएमए आरएफ ने निःशुल्क नाड़ी परीक्षण व औषधि वितरण किया



### मड़ैयन में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**पन्ना।** ग्राम पंचायत मंडईयन में महामृत्युंजय आयुर्वेदिक रिसर्च एवं वेल्फेयर फाउंडेशन ( एम एम ए आर एफ ) द्वारा एक सुव्यवस्थित एवं महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह संस्था भारत सरकार के नीति आयोग तथा आयुष विभाग से मान्यता प्राप्त समाजसेवी संगठन है, जो बीते वर्षों से स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। शिविर का संचालन फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं अनुभवी नाड़ी विशेषज्ञ डॉ. आर.पी. सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर निःशुल्क नाड़ी परीक्षण, स्वास्थ्य जांच और परामर्श का लाभ लिया। संस्था द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी दवाएँ आई एस ओ एवं जी एम पी द्वारा प्रमाणित हैं, जिससे मरीज सुरक्षित और विश्वसनीय उपचार प्राप्त कर सके।

डॉ. रघुवंशी ने बताया कि-"यह सेवा कार्यक्रम भारत सरकार के हेल्थ प्रोजेक्ट के अंतर्गत संचालित है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिक भी सम्मानपूर्वक, बिना किसी आर्थिक बोझ के, आयुर्वेदिक उपचार प्राप्त कर सके। संस्था समाज सेवा को अपना मूल ध्येय मानकर कार्य करती है।" संस्था वर्ष 2023 से क्षेत्र में शासकीय कार्यक्रमों के अनुरूप निरंतर सेवाएँ दे रही है और अनेक समाजसेवी प्रतिदिन संस्था से जुड़कर परोपकारी कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। शिविर में आरती सिंह रघुवंशी, पूजा सिंह यादव, डॉ. विष्णु प्रताप परमार सहित कई स्वयंसेवियों ने अपनी भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने शिविर में मिली उपचार व्यवस्था और औषधियों की गुणवत्ता की सराहना की।



**निःशुल्क पंजीकरण हेतु संपर्क-**
एम एम ए आर एफ ने हेल्थ एडवाइजर के माध्यम से फ्री रजिस्ट्रेशन सुविधा भी उपलब्ध कराई है। यदि कोई व्यक्ति लकवा, मिर्गी, बवासीर, वात रोग, पुरानी खांसी, पुराना बुखार, टीबी एवं अन्य जटिल रोगों से पीड़ित है तो 9770543715 एवं 8103753660, नंबर पर संपर्क कर परामर्श प्राप्त कर सकता है।

## नगर परिषद के वार्ड नंबर 8 की गलियां कीचड़ में तब्दील

### डबल इंजन की सरकार में भी विकास शून्य

**गुनौर। नगर परिषद गुनौर के वार्ड नंबर 8 में गलियों की दयनीय स्थिति के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गलियां नालियों में तब्दील हो गई हैं, जिससे आवागवन में स्कूली बच्चों बुजुर्गों महिलाओं एवं वार्ड वासियों को निकलने में समस्या उत्पन्न हो रही है।**



**समस्या के कारण-**

नगर परिषद द्वारा सड़कों की उचित देखभाल नहीं की जा रही है।, नालियों की साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने से जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है।, पाईप लाईन डालने के कारण लग भग सभी गलियां टूटी पड़ी है।

प्रभाव-

- हादसों में वृद्धि हो रही है।
- लोगों को चलने-फिरने में परेशानी हो रही है।
- जलभराव के कारण मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है।

**स्माधान-**

नगर परिषद को सड़कों की मरम्मत और नालियों की मरम्मत साफ-सफाई के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।, स्थानीय लोगों को भी अपने स्तर पर जागरूकता फैलानी होगी और नगर परिषद के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराना होगा। नगर परिषद गुनौर के वार्ड नंबर 8 के निवासियों ने समाचार पत्रों के माध्यम से समस्या के समाधान कर सड़कों की मरम्मत और नालियों की साफ-सफाई की मांग की है चुने हुए जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था के लिए गुहार लगाई है।

## भाजपा नेता डॉ. यूनिश खान का निधन, पवई में शोक



**पवई।** नगर परिषद पवई वार्ड क्रमांक 09 निवासी डा0 यूनिश खान उम्र 74 वर्ष पिता मरहूम याकूब खान जनसंघ के समय से समाज सेवा के लिए समर्पित परिवार के सदस्य डॉक्टर यूनिश खान 9 नवंबर 2025 को अचानक निधन हो गया 6 भाइयों में दूसरे नंबर के भाई, भाजपा मंडल पवई के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष पन्ना के पद पर रहते हुए कार्य कर चुके हैं। भाजपा के लिए समर्पित रहे। डॉ. यूनिश खान पेसे से चिकित्सा के क्षेत्र में प्राइवेट तौर पर सेवाएं दे रहे थे। अचानक शुगर लेवल बढ़ने से अस्वस्थ स्थिति में पवई से जबलपुर इलाज के लिये जाते समय 09 नवंबर 2025 शाम 4:00 उनका अचानक निधन हो गया वापिस पवई आने पर अगले दिन उन्हें मिट्टी दी गई। इस दुख की घड़ी में मिट्टी देते समय सैकड़ो की संख्या में परिजन, रिश्तेदार , पवई नगरवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मरहूम डॉक्टर यूनुस खान 06 भाईयों मे दूसरे नंबर के भाई रहे हैं , सबसे बड़े भाई मोहम्मद अख्तर खान, डॉक्टर यूनिश खान, नूर मोहम्मद , मोहम्मद यासीन , मोहम्मद अफजल, मोहम्मद इदरीश ,एवं पत्नी (बेगम) रशीदा खान, पुत्र युसूफ खान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष पन्ना, पुत्र मोहम्मद इस्माइल खान पुत्री कमरुननिशा कटनी, शबाना बेगम दमोह , सहित सभी परिजन बहुत दुखी और शोक में है। भाजपा नेता एडवोकेट पुष्पेंद्र कुमार लटौरिया, एडवोकेट सीताराम पटेल, अजित कुमार जैन पत्रकार, भगवानदीन चौरसिया, बालकृष्ण शुक्ला, बशीर खान पूर्व पार्षद, दीपेंद्र सिंह परमार भाजपा जिला महामंत्री, पुष्पेंद्र पटेल पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा, मधु गुलाब सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष, विष्णु मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा पवई समाजसेवी प्रहलाद बहरे, एवं वर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया सहित भाजपा मंडल पवई मंडल कार्यकारणी युवा मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा अनुसूचित जाति मोर्चा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने इस दुख की घड़ी में शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## 315 गुम मोबाइल फोन करीबन 51 लाख रुपये के कीमती खोज कर किए गये वापस, आवेदकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



**पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के मार्गदर्शन में चलाए गए विशेष अभियान से गुम मोबाइल 'खोज अभियान' को मिली उल्लेखनीय सफलता**

**पन्ना।** पन्ना पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए पिछले दो महीनों में कुल 315 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत करीबन 51 लाख रुपये है, को खोजकर संबंधित आवेदकों को वापस किए गए हैं। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि सी.ई.आई.आर. (ब्मदजतंस म्नपचउमदज प्कमदजपजल त्महपेजमत) पोर्टल के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर हासिल की गई।

**एसपी पन्ना के निर्देशन में विशेष अभियान-**
पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन पर गुम मोबाइल से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु साइबर सेल पन्ना एवं सभी थानों में गठित साइबर हेल्पडेस्क को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के पालन में टीमों ने कार्यवाही करते हुए विभिन्न राज्यों कृ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान सहित मध्यप्रदेश के कई जिलों से मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए।

**विभिन्न थानों द्वारा खोजे गए गुम मोबाइलों की संख्या-**
अजयगढ़- 25 मोबाइल, अमानगंज- 13 मोबाइल, बृजपुर-5 मोबाइल, देवेंद्रनगर- 51 मोबाइल, धरमपुर- 10 मोबाइल, गुनौर- 33 मोबाइल, कोतवाली पन्ना- 88 मोबाइल, मंडला- 3 मोबाइल, पवई- 23 मोबाइल, रैपुरा- 7 मोबाइल, सलेहा- 9 मोबाइल, सेमरिया- 16 मोबाइल, शाहनगर- 27 मोबाइल, सुनवानी- 5 मोबाइल ब्म्प्त पोर्टल का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित एसपी पन्ना द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्म्प्त पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग कर गुम मोबाइल की खोज में तेजी लाने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही पन्ना पुलिस द्वारा आमजन को भी इस पोर्टल की जानकारी देने एवं इसके माध्यम से शिकायत दर्ज कराने हेतु लगातार जागरूकता अभियान चलाए गये हैं। ब्म्प्त पोर्टल एक केंद्रीकृत प्लेटफ़ॉर्म है जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्तिकृ अपने गुम मोबाइल की शिकायत घर बैठे दर्ज कर सकता है, या नजदीकी थाने में आवेदन देकर भी पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत करा सकता है। पोर्टल में दर्ज शिकायत के आधार पर साइबर सेल व सायबर हेल्पडेस्क टीमें पोर्टल के माध्यम से उसकी लोकेशन ट्रैक कर बरामदगी करती हैं। इस अभियान में साइबर सेल पन्ना एवं थाना स्तरा पर गठित साइबर हेल्पडेस्क के कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।



## तेज रफ्तार जीप के कट से दो बाइक आपस में टकराई



**पन्ना अमानगंज सड़क मार्ग पर जसवंतपुरा मोड पर घटी घटना**

**अमानगंज।** अमानगंज-पन्ना मुख्य सड़क मार्ग पर आज देर शाम जसवंतपुरा का एक बाइक चालक अपने घर से जब अपने रिश्तेदारी में एक शादी समारोह मैं शामिल होने जसो जा रहा था उसके साथ उसकी पत्नी और एक नन्हा सा बच्चा बाइक पर सवार थे और जैसे ही मोड पर पहुंचा तो अमानगंज से पन्ना की ओर तेज रफ्तार में जा रही एक बिलेरो कार चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उसे कट मार दिया जिसके चलते दो मोटर बाइक आपस में टकरा जाने बाइक चालक सर्जेंद्र पिता छुटै लाल दहायत सड़क से दूर जा गिरा उसके साथ उसकी पत्नी अंजना दहायत पति सर्जेंद्र दहायत उम्र 30 वर्ष एवं एक छोटा सा नन्हा बच्चा सूर्यांश भी इस दुर्घटना में घायल हुआ है जिसकी उम्र तकरीबन 1 वर्ष बताई जा रही है और घटना में अत्यधिक घायल हुआ है गंभीर हालत में तीनों को 108 के माध्यम से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार के लिए दाखिल कराए गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसके बच्चे और पिता पत्नी तीनों को बाहर इलाज कराने का मार्गदर्शन देते हुए उसे पन्ना के लिए रेफर किया। घटना की दूसरी मोटर बाइक चालक भी मौके से तत्काल रवाना हो गया जिसकी जानकारी समाचार लेकर जाना तक स्थानीय पुलिस और अस्पताल नहीं पहुंची। सड़क दुर्घटना की सूचना स्थानीय पुलिस की ओर तत्काल पहुंच गई पुलिस ने कहां की फरियादी की सूचना जैसे ही पुलिस को प्राप्त होती है वह तत्काल ही आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज करके आरोपी का पता लगाने का प्रयास करेगी।



# हरपालपुर बाईपास पर बड़ा हादसा: ओवरब्रिज का गर्डर गिरा, क्रेन ऑपरेटर गंभीर रूप से घायल

**छतरपुर। जिले के हरपालपुर में रेल्वे क्रॉसिंग के लिए बनाए जा रहे ओवर ब्रिज का गर्डर अचानक गिरने से एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में क्रेन ऑपरेटर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।**

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह 10 बजे के लगभग हरपालपुर बाईपास के ओवरब्रिज के निर्माण के दौरान एक गर्डर गिरने से अफरा तफरी का माहौल बन गया। ओवर ब्रिज निर्माण के दौरान 2 क्रेन मशीनों की मदद से 50 टन बजनी एक गर्डर ब्रिज पर रखा जा रहा था। इस दौरान क्रेन ऑपरेटर धीरेन्द्र यादव की बड़ी लापरवाही देखने को मिली। उसकी लापरवाही के चलते गर्डर गिर गया ओवर ब्रिज का गर्डर गिरने से हड़कप की स्थिति बन गई। हादसे में क्रेन ऑपरेटर केबिन में फंस गया। जिसको गेट काटकर बाहर निकाला गया क्योंकि वह गंभीर रूप से घायल भी हो गया था। गंभीर रूप से घायल क्रेन ऑपरेटर को बाईपास निर्माण कंपनी के अधिकारी कर्मचारी ईलाज के लिए जिला



अस्पताल छतरपुर ले गए। लेकिन मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा था। जब गर्डर गिरा तो धडाम की आबाज हुई थी, तो वहां पर काम करने वाले मजदूर घबरा गए, कुछ दूर भी भाग खड़े हुए। लोगों ने बताया कि गर्डर के गिरने की बहुत तेज आबाज आई थी क्योंकि सीमेंट के भारी गर्डर सीधे नीचे गिरा और क्रेन मशीन उसके नीचे फंस गई। जिससे क्रेन मशीन का आपरेटर धीरेन्द्र यादव भी केबिन में फंस गया। गर्डर गिरने से क्रेन मशीन भी उल्टी खड़ी हो गई और क्षतिग्रस्त हो गई। जैसे ही लोगों ने देखा क्रेन ऑपरेटर मशीन के केबिन में फंस गया है, तो क्रेन का गेट काटकर उसे निकाला गया। हादसे की जानकारी मिलने पर एनएच के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बाईपास निर्माण करने वाली कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों को इस लापरवाही पर जमकर फटकार लगाई। घायल क्रेन ऑपरेटर का ईला ज जिला अस्पताल में चल रहा है। इस बड़ी लापरवाही पर एनएच के अधिकारी और निर्माण कंपनी के जिम्मेदार कर्मचारी कुछ भी बोलने को तैयार नही है। ऐसा लगता है कि पूरे मामले को निपटाने के प्रयास किए जा रहें है।

## खबर संक्षेप

### गौरिहार में 26 नवंबर को रोजगार मेला

छतरपुर। छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आई.टी.आई. एवं जिला उद्योग विभाग के द्वारा 26 नवंबर 2025 बुधवार को प्रातः 11 बजे से शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल गौरिहार जिला छतरपुर में 1 दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु के युवक एवं युवतियाँ भाग ले सकते है। इस मेले में 8वीं से स्नातक, आई.टी.आई योग्यताधारी आकांक्षी युवक एवं युवतियों की भर्ती हेतु विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियां संसूर सृष्टि हर्बल प्रा. लि. छतरपुर, टाटा मोटर्स प्रा. लि. सानंद गुजरात, रिच पर्सन सिक्योरिटी प्रा. लि. छतरपुर, श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग लि. एडु एडवांटेज प्राइवेट लि., टेलेंट कॉर्प सोल्युसन प्रा. लि., माइंड लेब्स मिडिया टेक प्रा. एस.आई.एस. सिक्योरिटी सर्विस, इंटिग्रेटेड पैर्सनल सर्विस लि., एसबीआई लाईफ छतरपुर, पुखराज हेल्थकेयर प्रा. लि. जबलपुर, गेल इंडिया प्रा. लि. गुना, जे.बी.एम. ऑटो प्रा. लि., महिंद्र लोजिस्टक लि. लुहारी झझ्झर, वोट ऑरगानिक डायमण्ड प्रा. लि., वर्धमान यार्न मण्डीदीप, एल.आई.सी. छतरपुर आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। रोजगार अधिकारी ने बताया कि विभिन्न पदों हेतु वेतनमान योग्यतानुसार लगभग 8 हजार से 25 हजार तक प्रतिमाह है।

### पिस्टल दिखाकर युवक को धमकाने और मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार



छतरपुर। गोलू विश्वकर्मा से मारपीट कर पिस्टल दिखाकर धमकाने के मामले में आरोपी सुरेंद्र उर्फ गुड्डा सारवान पिता शंतराम सारवान (44) निवासी महाराजा कॉलेज के पास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने कुछ दिन पूर्व युवक से विवाद के दौरान मारपीट कर पिस्टल लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इसकी शिकायत पीड़ित द्वारा कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई थी।शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके पास से पिस्टल और जिंदा कारतूस जब्त किए। मामले की जांच करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है। सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि आरोपी सुरेंद्र सारवान पिछले दिनों एक युवक से मारपीट में शामिल था और इसी दौरान उसने पिस्टल दिखाकर डराने-धमकाने की कोशिश की थी। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया है।

### बस स्टैंड से डेढ़ लाख कीमत का गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार



छतरपुर। कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड से लगभग डेढ़ लाख रुपये कीमत का 12 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से उड़ीसा निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि टीआई अरविंद सिंह दांगी के निर्देशन में सब इंस्पेक्टर किशोर पटेल, आरक्षक अजय मिश्रा, अभय यादव और भूपेन्द्र प्रजापति की टीम ने यह कार्रवाई की। टीम को सूचना मिली थी कि उड़ीसा से अवैध मादक पदार्थ छतरपुर लाया जा रहा है। इस पर पुलिस ने बस स्टैंड से आरोपी लोकनाथ साहू पिता प्रफुल्ल साहू उम्र 35 वर्ष निवासी उड़ीसा को पकड़ा और उसके कब्जे से 12 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगा रही है कि गांजा किसके लिए लाया जा रहा था और इसके पीछे कौन-कौन शामिल हैं।

## ब्रह्मकुमारी आश्रम में मुरली वाचन के दौरान वृद्ध श्रद्धालु को आया अटैक, अस्पताल में हुई मौत

छतरपुर। शहर के एक धार्मिक स्थल पर आज सुबह मुरली वाचन के दौरान एक दुखद घटना सामने आई, जहाँ एक 65 वर्षीय वृद्ध श्रद्धालु की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। श्रद्धालु, जो नियमित रूप से आश्रम में शामिल होते थे, उन्हें सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन अटैक की तीव्रता अधिक होने के कारण इलाज के दौरान ही उन्होंने अंतिम सांस ली। इस दुखद निधन से आश्रम परिवार और उनके साथियों में शोक की लहर है।

गढ़ीमलहरा निवासी हरिश्चंद्र अहिरवार (उम्र 65 वर्ष) की आज गुरूवार को ब्रह्मकुमारी आश्रम में मुरली वाचन के दौरान मौत हो गई। दिव्यांग होने के बावजूद हरिश्चंद्र अहिरवार नियमित रूप से अपनी ट्राइसाइकिल से ब्रह्मकुमारी आश्रम पहुँचकर मुरली क्लास में शामिल होते थे। आज भी वह हमेशा की तरह सुबह करीब 9 बजे आश्रम पहुँचे थे और क्लास चल रही थी। इसी दौरान उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। उनके साथ मौजूद गुरु भाई अच्छू मोदी और अन्य साथियों ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर पहुँचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टर राजकुमार अवस्थी ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन अटैक ज्यादा तेज होने के कारण इलाज के दौरान ही हरिश्चंद्र अहिरवार ने अंतिम सांस ली। उनके साथी अच्छू मोदी ने घटना की पुष्टि की।

## जमीन विवाद में खूनी संघर्ष: दो दर्जन घायल, 36 पर मामला दर्ज

**छतरपुर। जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र में खेत के सीमांकन को लेकर उपजा विवाद आज खूनी संघर्ष में बदल गया। दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी का जमकर इस्तेमाल हुआ, जिसमें दोनों तरफ से लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। विवाद के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल है।**



गुलगंज थाना क्षेत्र के कायन गाँव में गुरूवार को सुबह करीब 11 बजे खेत के सीमांकन को लेकर लल्लू अहिरवार का परिवार और मोहन चढ़ार का परिवार आपस में भिड़ गए। जब लल्लू अहिरवार का परिवार खेत पर काम कर रहा था, तभी मोहन चढ़ार का परिवार लाठी-डंडों के साथ वहाँ पहुँचा और काम रोकने को कहा। मोहन चढ़ार का दावा था कि खेत उसका है, जबकि लल्लू अहिरवार ने बताया कि राजस्व विभाग के आर.आई., पटवारी व तहसीलदार द्वारा मशीन से सीमांकन कर खेत उसके नाम निकाला गया है। विवाद बढ़ते-बढ़ते दोनों पक्षों के लगभग तीन दर्जन लोगों के बीच लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला शुरू हो गया। इस संघर्ष में दोनों पक्षों से लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुलगंज थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के 36 लोगों पर भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) की धारा 191(2), 191(3), 190, 296(वी), 115(2), 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पहले पक्ष से संतोष अहिरवार, कमलेश, रामकिशन, लाड़कुंवर, चम्पा, कल्लूबाई, आरती और लल्लू अहिरवार घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से बृजकिशोर चढ़ार लक्ष्मन, जगदीश, किट्टू, शांतिबाई, रावेन्द्र, सुरेन्द्र, देवेन्द्र, रामदेवी और मोहन चढ़ार सहित कई लोग घायल हुए हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला विश्व कप खिलाड़ी क्रांति गोंड़ को पुलिस ने किया सम्मानित

छतरपुर। राज्य आनंद संस्थान, भोपाल के निर्देशन में आयोजित एक पुलिस परिवार प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, अंतर्राष्ट्रीय महिला विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकीं खिलाड़ी क्रांति गोंड़ को छतरपुर पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में क्रांति गोंड़ ने प्रशिक्षण में शामिल बालिकाओं और पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ अपने खेल और संघर्ष के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने के लिए उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन से सफलता मिली। इस सम्मान से युवाओं को खेल और जीवन में आगे बढने की प्रेरणा मिली है।छतरपुर यातायात थाने में आयोजित पुलिस परिवार प्रशिक्षण आनंदम कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला विश्व कप खिलाड़ी क्रांति गोंड़ को छतरपुर पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया।




यह कार्यक्रम राज्य आनंद संस्थान, भोपाल के निर्देशन में आयोजित हुआ। गुरूवार को आयोजित इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले, मध्यप्रदेश आनंदम विभाग के मास्टर ट्रेनर लखन असाटी, प्रदीप सेन और रामकृपाल यादव ने क्रांति गोंड़ को सम्मान पत्र प्रदान किया। प्रशिक्षण में शामिल लड़कियों ने क्रांति से खेल, मेहनत, संघर्ष और अवसरों से जुड़े सवाल पूछे, जिनका उन्होंने उत्साहपूर्वक जवाब दिया। क्रांति गोंड़ ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने में उन्हें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने इस सफर का श्रेय अपने कोच राजीव बिल्थरे और डी.सी.सी.ए. अध्यक्ष विनय चौरसिया को देते हुए कहा कि उन्हीं के मार्गदर्शन और लगातार प्रोत्साहन से वह इस मुकाम तक पहुँच सकीं। इस अवसर पर लखन असाटी, मास्टर ट्रेनर, मध्यप्रदेश आनंदम विभाग ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## अमावस्या पर मतंगेश्वर मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम



खजुराहो। गुरुवार अमावस्या के पावन अवसर पर खजुराहो स्थित मतंगेश्वर बाबा मंदिर में भक्तों का विशाल जनसैलाब देखने को मिला। समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने शिवसागर तालाब में स्नान कर भोलेनाथ को जल चढ़ाया और दान-पुण्य किया। सुबह 4 बजे से ही भक्तों का आगमन शुरू हो गया था, जो देर शाम तक निरंतर जारी रहा। भक्तों की भारी संख्या को देखते हुए प्रशासन ने पहले ही सुरक्षा और साफ-सफाई के व्यापक इंतजाम कर लिए थे, जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में कोई असुविधा नहीं हुई।खजुराहो के मतंगेश्वर बाबा मंदिर में गुरुवार अमावस्या के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुँचे। भक्तों की भारी संख्या को ध्यान में रखकर खजुराहो पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। खजुराहो थाना प्रभारी प्रशांत सेन द्वारा घाट और मंदिर के पास पुलिस बल तैनात किया गया। वहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर परिषद के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने पहले ही तैयारी कर ली थी। सी.एम.ओ. बसंत चतुर्वेदी, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी, नगर परिषद उपाध्यक्ष बिट्टी बाई पाल और जनप्रतिनिधि आसाराम पाल द्वारा एक दिन पहले ही तालाब के घाट की साफ-सफाई करा दी गई थी। इसके फलस्वरूप भक्तों को शिवसागर तालाब में स्नान करने और पूजा-अर्चना करने में कोई समस्या नहीं हुई।

## प्रेम प्रसंग के तनाव में युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**छतरपुर। प्रेम प्रसंग से जुड़े तनाव के कारण एक युवक ने घर पर अकेला पाकर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही उसे तुरंत निजी वाहन से उत्तर प्रदेश के महोबा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ हालत की गंभीरता को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।**




युवक के पास से सल्फास की गोली भी मिली है, जो उसके आत्महत्या के इरादे को दर्शाती है। बारीगढ़ थाना जुझारनगर निवासी संतोष पिता विश्वनाथ अनुरागी, उम्र 22 साल ने बुधवार की दोपहर करीब 2:30 बजे घर पर अकेला पाकर पंखे पर तौलिया बाँधकर फांसी लगा ली। परिजनों को पता चलने पर उन्होंने तत्काल युवक को फांसी के फंदे से उतारा और तुरंत निजी वाहन की मदद से उत्तर प्रदेश के महोबा जिला अस्पताल लेकर पहुँचे। वहाँ हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। संतोष की हालत गंभीर बनी हुई है। उनके चाचा उमाशंकर अनुरागी ने बताया कि संतोष किसी रिश्तेदार की लड़की से मोबाइल पर बातचीत करता रहता था। उन्होंने यह भी बताया कि संतोष के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह उन्हीं के साथ रहता है। फांसी लगाने के बाद जब संतोष को नीचे उतारा गया और कपड़ों की तलाशी ली गई, तो शर्ट की जेब में सल्फास की गोली भी मिली थी।

## जिला अस्पताल परिसर में बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहा शव वाहन, व्यवस्था पर उठे सवाल

छतरपुर। जिला अस्पताल परिसर में परिवहन विभाग के नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ती दिखाई दे रही हैं, जहाँ बिना वैध नंबर प्लेट के एक शव वाहन का संचालन किया जा रहा है। नियमानुसार, किसी भी वाहन के लिए रजिस्ट्रेशन और नंबर प्लेट अनिवार्य होती है, लेकिन अस्पताल के अंदर इस सरकारी वाहन पर नंबर प्लेट नदारद थी। यह गंभीर लापरवाही न केवल परिवहन नियमों का उल्लंघन है, बल्कि दुर्घटना या किसी विवाद की स्थिति में वाहन की पहचान को भी असंभव बना देती है। मरीजों के परिजनों और आम जनता ने इस उदासीनता पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।छतरपुर के जिला अस्पताल में गुरूवार को यह लापरवाही सामने आई। अस्पताल परिसर में एक शव वाहन बिना नंबर प्लेट के दौड़ता दिखा, जो तुरंत लोगों की नजर में आकर चर्चा का विषय बन गया। नियमों के अनुसार किसी भी सरकारी या निजी वाहन को सड़क पर उतारने से पहले उसका वैध पंजीकरण अनिवार्य है। जब इस संबंध में चालक से बात की गई तो उसने शुरू में मामले से पल्ला झाड़ने की कोशिश की और इसे नया वाहन बताकर कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया में है। हालांकि कुछ ही देर बाद उसने एक साथ पाँच नंबर प्लेटें दिखा दीं। अस्पताल आने वाले मरीजों और परिजनों ने इस लापरवाही पर सवाल उठाए हैं, और कहा है कि अगर प्रशासन खुद नियमों का पालन नहीं करेगा तो आम जनता से पालन की उम्मीद कैसे की जा सकती है। परिवहन विभाग और जिला अस्पताल प्रबंधन की इस उदासीनता ने व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं या फिर यह भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।




## इंदिरा गांधी व रानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर खजुराहो में विशेष कार्यक्रम सम्पन्न

खजुराहो। मतँगेश्वर सेवा समिति, दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर एवं खजुराहो डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा वुड केफे रेस्टोरेंट मे भारत की दो महान एवं प्रेरणादायी हस्तियों पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और वीरांगना झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई जी की जयंती बड़े सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई।कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। सभी ने जयंती समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया और दोनों महान नारियों के अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा को याद किया। हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी आयोजन का नेतृत्व पंडित सुधीर शर्मा ने किया उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रानी लक्ष्मी बाई का बलिदान और इंदिरा गांधी का नेतृत्व देश के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। समारोह में देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और महिलाओं द्वारा विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम ने वातावरण को भावनात्मक और प्रेरणादायी बना दिया। इस कार्यक्रम मे कोटा से आई श्रीमती दीपिका जोशी, प्राची जोशी, निहोर जोशी, चार्ली राजा, अखिलेश शुक्ला, बुंदेलखंड बैंक के विजय रजक,परिवर्तन एन जी ओ राकेश राजोरिया, रविंद्र पाठक, वीरेंद्र सिगोत, सपना शुक्ला मीना अनुरागी, जया रजक, कोमल अनुरागी, पूर्वा, पूजा सिगोत, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे सभी ने खजुराहो बचाओ अभियान का समर्थन करते हुए सहयोग करने का संकल्प लिया।



## जिला प्रशासन छतरपुर की फिर बड़ी कार्यवाही

**छतरपुर। कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल ने 7 अनावेदक के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर 20 नवंबर 2025 को कुल 8 लाख 17 हजार 750 रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित की है।**

अनावेदक यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स पर रेत में 75 हजार रूपये, जीतेंद्र यादव पर 431875 रुपए, पुरषोत्तम गिरी गोस्वामी पर 30625 रुपये, राजा कुशवाहा पर 31625 रुपए और ओमप्रकाश रैकवार पर 30625 रुपए रेत में एवं मयंक शाह पर 135000 रूपये पत्थर में तथा आनंद कुमार कुशवाहा पर 83000 रूपये अवैध एम सेंड में अर्थदंड अधिरोपित किया है। साथ ही राशि जमा कराने के आदेश दिए गए।

जिला खनिज अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते हुए पाए जाने पर सहा. खनि अधिकारी द्वारा सभी अनावेदक के वाहन ट्रेक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। जिसके जवाब अनावेदक वाहन चालकों ने उपस्थित होकर दिए और बगैर ईटीपी खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण के अपराध को स्वीकार किया। उपरोक्त प्रकरणों में कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा सम्बन्धित के विरुद्ध पेनाल्टी राशि अधिरोपित कर अनावेदक वाहन चालकों द्वारा अर्थशास्ति व प्रशमन की राशि का भुगतान कर देने के उपरांत प्रकरण का प्रशमन कर वाहन मुक्त करने का

## पुलिस द्वारा मॉडिफाइड, ध्वनि प्रदूषक, बिना नंबर प्लेट, दुर्घटना प्रभावी मोटर साइकिल जप्त




छतरपुर। शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए छतरपुर पुलिस द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। ध्वनि प्रदूषण यंत्र इस्तेमाल कर अन्य चालकों का ध्यान भंग कर दुर्घटना प्रभावी ऐसे वाहन एवं पहचान छुपाने के उद्देश्य से बिना नंबर प्लेट एवं ब्लैक फिल्म वाले वाहनों को रोककर संबंधित जानकारी एकत्र कर विधिवत कार्यवाही की जा रही है। थाना नौगांव पुलिस द्वारा नगर में रोड पेट्रोलिंग एवं वाहन चेकिंग के दौरान नगर पालिका चौराहा, नौगांव पर एक मॉडिफाइड, बिना नंबर प्लेट एवं ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाली मोटरसाइकिल को रोककर चेक किया गया। वाहन में अनाधिकृत परिवर्तन एवं अत्यधिक शोर उत्पन्न करने वाले साइलेंसर के उपयोग करना पाया गया, पुलिस टीम द्वारा दुर्घटना प्रभावी मोटरसाइकिल को जप्त किया गया। मोटरसाइकिल चालक अमित राजपूत पिता महेंद्र राजपूत निवासी बजरंग कॉलोनी नौगांव के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक बाल्मीक चौबे एवं पुलिस टीम की भूमिका रही। मुख्यालय एवं जिले के सभी थाना स्तर पर ऐसे वाहनों के विरुद्ध निरंतर चेकिंग एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट से स्टे लाई तो मनरेगा में उलझाया, रोजगार सहायक ने सीईओ पर लगाए आरोप

**रीवा ।** जिला पंचायत सीईओ की ओर से जारी शोकॉज नोटिस के जवाब में रीवा जनपद के ग्राम पंचायत नौवस्ता की रोजगार सहायक वंदना शुक्ला ने कई गंभीर सवाल उठाए हैं। जिला पंचायत सीईओ ने 18 नवंबर को सायं नोटिस जारी कर 19 नवंबर को दोपहर 12 बजे तक जवाब मांगा था। जिस पर वंदना ने अपने जवाब में कहा है कि उनकी ड्यूटी बीएलओ के काम में लगाई गई ई थी। यह न तो सरकारी और न ही संविदा सेवक है, बल्कि अंशकालिक कर्मी है। निर्वाचन आयोग का भी निर्देश है कि ऐसे कर्मियों की ड्यूटी नहीं लगाई जाए। इस पर कोर्ट ने बीते 12 नवंबर को स्थगन दे दिया है। रोजगार सहायक वंदना शुक्ला ने अपने जवाब में कहा है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सेमरिया द्वारा व्यक्तिगत तौर पर तौर पर चेतावनी दी गई है कि अब सेवा नहीं कर पाएगी। वंदना ने करप है कि उन्हें सेवा से पृथक करने का नोटिस जारी किया गया है. इसमें कोई तथ्य इतने गंभीर प्रकृति के नहीं है जिससे ऐसा सख्त कदम उठाना पड़े। उनका कहना है कि मनरेगा में मजदूरों की फीडिंग उनके पंचायत में 20 प्रतिशत है, जबकि अन्य कई पंचायते एक या दो प्रतिशत में है तो उन पर कोई कार्रवाई नहीं है। जवाब में यह भी कहा है कि जिस तरह से नोटिस का जवाब देने के लिए महज 18 घंटे का समय दिया गया है, उससे यह प्रतीत होता है कि स्पष्टीकरण देने या नहीं देने दोनों स्थितियों में गंभीर क्षति का षणयंत्र किया जा रहा है। आशंका है कि सेवा समाप्ति का आदेश जारी करने के लिए पूरी योजना बनाई जा रही है। रोजगार सहायक ने कहा है कि कोर्ट से स्थगन लेने के चलते उनके विरुद्ध कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की गई है। वंदना ने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर से भी मिली लेकिन उन्होंने भी भी कुछ सुनने से इंकार कर दिया है। रोजगार सहायक के इन आरोपों के संबंध में कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ का भी पक्ष लेने का प्रयास किया गया।

### अटूट बंधन योजनाओं के नाम पर अरबों बहाए, फिर भी नहीं मिली निर्बाध बिजली

# लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे लोग, ग्रामीण क्षेत्रों में हालत जस के तस

रीवा।

जिले में बिजली विभाग निर्वाध बिजली अभी तक नहीं मुहैया करा पाया। पिछले दस वर्षों में विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति करने आधा दर्जन से ज्यादा योजनाएं लाई। इन योजनाओं के बहाने अरबों रुपए फूंक दिए गए लेकिन हालत अब भी जस के तस है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पर्याप्त बिजली नसीब नहीं हो रही। सिंचाई के लिए भी नियमित रूप से बिजली सप्लाई नहीं है। बारिश के दिनों में हालत तो और खराब है। लगभग हर गांव में लो वोल्टेज की समस्या है। जिन गांवों में ट्रांसफार्मर, केबल या अन्य कोई बिजली उपकरण खराब हो गए तो उनमें समय पर सुधार नहीं हो रहा। लिहाजा जो कुछ बिजली मिलती रही, वह भी प्रभावित है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार नियमित रूप से सभी आम नागरिकों के लिए हितकारी योजनाएं लाती रहीं हैं। इसमें से विशेषकर किसानों को जरूरत के मुताबिक बिजली उपलब्ध कराने के प्रयास भी कागजों में हो रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बीते दस वर्षों में उपभोक्ताओं से वसूली के लिए विभाग ने तरह-तरह के हथकंडे अपनाए। करीब चार दफा मीटर बदले जा चुके हैं। कभी मीटर को घर से बाहर निकाला तो कभी ख भे पर लटकाया। अभी अधिकांश जो मीटर लगे हुए हैं, उनमें मीटर रीडर फोटो खींचता है तो बारकोड से उपभोक्ता की और मीटर की डिटेल मिलती रही। अब स्मार्ट मीटर लग रहे हैं, जिसमें मीटर रीडर की भूमिका खत्म हो गई। इतनी सारी मशक्कत करने के बाद भी न तो विभाग को चैन मिल रहा है और ना ही उपभोक्ताओं को



राहत मिल पा रही है।नही बदली ग्रामीणों की किस्मत राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के बाद दिस बर 2017 में केंद्र सरकार ने सौभाग्य योजना लागू की। इस योजना में भी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल सप्लाई के लिए सुदृढ़ काम करना था । करीब 5 हजार गरीब परिवारों को प्रतिवर्ष बिजली कनेक्शन देने की बात तय हुई। मगर यह योजना भी महज 5 वर्ष के अंतराल में मार्च 2022 में बंद हो गई परंतु ग्रामीणों का भाग्य नहीं बदल पाई।दस साल चल राजीव गांधी विद्युतीकरण योजनाजिले में केंद्र सरकार की राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत वर्ष 2005 में काम आरंभ हुए। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली पहुंचाना रहा। साथ ही, गांव के बीपीएल परिवारों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराना था। यह योजना मार्च 2017 में बंद हो गई। इस योजना के तहत जिले में 50 करोड़ से अधिक खर्च किए गए परंतु ग्रामीण लोगों को नियमित बिजली सप्लाई नहीं हो सकी।नहीं चली अटूट बंधन योजनाइसी प्रकार, वर्ष 2011 में फीडर विभक्तिकरण योजना आई, जिसमें घरेलू बिजली की सप्लाई हुई कृषि हेतु विद्युत सप्लाई के लिए अलग- अलग लाइन खींचने की कार्यवाही होनी थी। ग भीर शिकायतों के चलते इस योजना को 2017 में बंद कर दिया गया। इकसे अलावा, अटूट बंधन योजना में हितग्राहियों को 400 रूपये में कनेक्शन और बिजली बिल में अनुदान का प्रावधान बनाया गया। यह योजना भी ज्यादा दिन नहीं चल पाई।अभी चल रही आरडीएसएस योजनावर्तमान में बिजली विभाग द्वारा आरडीएसएस योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत जहां पहले से बिजली कनेक्शन है, उन क्षेत्रों में केबलीकरण करके, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर विद्युत सुधार किया जाना है। इस योजना का ठेका महाराष्ट्र की अशोका इंफ्रा लिमिटेड को मिला है। इस योजना में भी घरेलू और कृषि फीडर अलग- अलग करने की कार्यवाही की जानी है। योजना के तहत अभी धीमी गति से ही काम चल रहा है, जिसकी समीक्षा आगामी दिनों में विभाग द्वारा की जाएगी।कंपनी को मिला एक साल का एक्सटेंसनयोजना के तहत मार्च 2025 तक काम होना था लेकिन पूरा काम न होने पर कार्य अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ाई गई है। योजना के तहत करीब तीन सौ करोड़ के काम जिले में होने हैं। इसमें से 33/11 केवी के पांच उपकेंद्र 12.12 करोड़ की लागत से स्थापित होंगे। ऐसे ही, 33 केवी के 29 उपकेंद्र 29.1 करोड़ की लागत से बनेंगे। करीब 3.79 करोड़ की लागत से 26 केपिसीटर बैन्ड लगने हैं। ऐसे ही, 293.18 करोड़ रूपये से जिले में 237 फीडर सेपरेशन बनाए जाएंगे। फीडर विभक्तीकरण और सौभाग्य योजना में सबसे ज्यादा शिकायतें शासन की ऐसी किसी भी योजना के धरातल पर न उतरने का कारण भ्रष्टाचार है। अकेले सौभाग्य योजना और फीडर विभक्तीकरण योजना में करोड़ों रुपए का गोलमाल हुआ।इनका कहना हैशासन की जो भी योजनाएं आती है, उनका क्रियान्वयन सुचारू रूप से किया जाता है। जहां तकनीकी समस्याएं आती है, उनका भी त्वरित रूप से समाधान किया जा रहा है। मैदानी अमले को अलर्ट किया गया है कि जहां से शिकायतें आएं, तत्काल समाधान करें।प्रमा पांडेय, चीफ इंजीनियर, रीवा क्षेत्र

## रीवा-इंदौर एयर सेवा के टिकट बुकिंग आमजनों के लिए प्रारंभ उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दी बधाई




रीवा ।

इंडिगो एयरलाइंस द्वारा रीवा-इंदौर 72 सीटर विमान सेवा के टिकटों की बुकिंग आम जनों के लिए जारी कर दी गई है। इस नई एयर सेवा के प्रारंभ होने से विंध्य अंचल से मध्यप्रदेश की वित्तीय राजधानी इंदौर एवं महाकाल नगरी उज्जैन तक की हवाई यात्रा अब और अधिक सुगम होगी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर हवाई अड्डे के माध्यम से मुंबई, जयपुर, अहमदाबाद, बेंगलुरू, हैदराबाद सहित देश के अन्य प्रमुख शहरों तक व्यापक एयर कनेक्टिविटी उपलब्ध होने से व्यापार, पर्यटन, स्वास्थ्य तथा शैक्षणिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। दिसंबर माह में आरंभ होने वाली यह सेवा क्षेत्रीय आवागमन को सुदृढ़ करते हुए विंध्य क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। हवाई कनेक्टिविटी में इस विस्तार से स्थानीय उद्योगों, व्यापारिक गतिविधियों, रोजगार तथा पर्यटन संभावनाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

## बाल भारती स्कूल में रीवा पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह द्वारा जागरूकता पाठशाला आयोजित की गई

रीवा

पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह बाल भारती स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए,इस दौरान एसपी ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा, डायल 112, यातायात नियमों, मुस्कान अभियान और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने साइबर ठगी से बचने के उपाय बताते हुए अनजान लिंक, ओटीपी और बैंक डिटेल साझा न करने तथा किसी भी धोखाधड़ी की शिकायत तुरंत 1930 पर करने की अपील की।यातायात जागरूकता सत्र में एसपी ने सीट बेल्ट, हेल्मेट, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने और नशे में ड्राइविंग जैसे नियमों पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने इंटरनेट उपयोग और मोबाइल गेम्स से जुड़े खतरे को लेकर भी सवाल पूछे, जिनका पुलिस टीम ने सरल तरीके से समाधान दिया।नशा मुक्त रीवा अभियान के तहत एसपी शैलेंद्र सिंह ने छात्रों और शिक्षकों को नशा से दूरी रखने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन दोनों के लिए हानिकारक है और सभी मिलकर ही समाज को सुरक्षित और नशा-मुक्त बनाया जा सकता है।स्कूल प्राचार्य ने रीवा पुलिस का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन मुस्कान अभियान के संदेश और "नशा मुक्त रीवा, हमारा सपना" के सामूहिक नारे के साथ किया गया।



## जिले में अब तक 459046 मतदाताओं के गणना पत्रक हुए डिजिटलाइज्ड

**रीवा ।** रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। मतदाता के सत्यापन के लिए गणना पत्रक का शत-प्रतिशत वितरण कर दिया गया है। अब सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर उसे संकलित कर रहे हैं। कई बीएलओ ने अपने सभी मतदाताओं के गणना पत्रक संकलित करके शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर दिया है। अन्य बीएलओ गणना पत्रक संकलित करके बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज कर रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 20 नवम्बर को शाम 5 बजे तक मतदाताओं से 459046 गणना पत्रक प्राप्त कर इसे डिजिटाइज कर लिया गया है। ऐप में सुधार के कारण दो घंटे से डिजिटाइजेशन का कार्य प्रभावित है। बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक संकलित कर रहे हैं। अब तक विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 72261, मनगवां में 76960, रीवा में 73443, सेमरिया में 84549, सिरमौर में 83662 तथा विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में 78741 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं। इन्हें डिजिटाइज करने के लिए पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक तथा अन्य तकनीकी कर्मचारी बीएलओ को लगातार सहयोग कर रहे हैं। सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक भरवाने और संकलित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। जिले भर में गणना पत्रक भरवाने के लिए लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं।

## मुकुंदपुर जू आएंगे कर्नाटक के सोन कुत्ते, हाइना और सांप, व्हाइट टाइगर सफारी में बढ़ेगा आकर्षण



**रीवा।** महाराजा मार्तण्ड सिंह जू देव व्हाइट टाइगर सफारी एवं मुकुंदपुर न सेंटर में इस माह वन्यजीव प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। वन्य प्राणी संरक्षण और प्रजनन कार्यरम को मजबूती देने के लिए जू सेंटर में वन्य प्राणियों का आदान-प्रदान किया जा रहा है। कर्नाटक के पिलीकुल जू मंगलौर से जल्द ही एक जोड़ा वाइल्ड डॉग (सोनकुला), एक नर हथना और सांप की दुर्लभ प्रजातियां रेटीकुलेटेड पाइथन और वाइपर मुकुंदपुर पहुंचेंगे। मौजूदा समय में मुकुंदपुर जू में सफेद बाप और बंगाल टाइगर समेत 27 प्रजातियों के कुल 110 बन्य प्राणी मौजूद है। नए मेहमानों के आने से जू की आकर्षकता और भी बढ़ेगी।बता दे आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत मुकुंदपुर जू सेंटर से एक नर मालू, एक जोड़ी बारहसिंगा और वी जोड़े हींग डियर कर्नाटक स्थित पिलीकुला जू के लिए रवाना किए गए हैं। जू के संचालक रामेश्वर तेकाम और चीकित्सक डॉ नितिन गुप्ता समेत 11 सदस्यीय टीम लगभग 2 हजार किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर वन्य प्राणियों को सुरक्षित कर्नाटक पहुंचा रही है। मंगलवार को रवाना हुई टीम के गुरुवार देर रात तक पिकिकुला पहुंचने की संभावना है। वहीं कर्नाटक से आने वाले वन्य प्राणी 24-25 नवंबर तक मुकुंदपुर सेंटर में दस्तक दे सकते हैं।विशेष वाहन से आएंगे वन्यप्राणीवन्य प्राणियों को ले जाने और के लिए दो विशेष वाहनों की व्यवस्था की गई है। एक वाहन में शाकाहारी वन्यप्राणियों को और दूसरे में मांसाहारी वन्यप्राणी को भेजा और लाया जा रहा है। ये वाहन पत्रा टाइगर रिजर्व और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से उपलब्ध प्रजातियों की सुरक्षा, तापमान नियंत्रण और पशु चिकित्सकीय निगरानी की विस्तृत व्यवस्था की गई है, ताकि लंबी दूरी की यात्रा उनके स्वास्थ्य पर असर न डाले।

## बीएलओ ने भी सौ फीसदी लक्ष्य किया पूरा



**रीवा ।** *मनगवां विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73 के मतदान केन्द्र क्रमांक 125 ग्राम हकरिया के बीएलओ रामलोचन कुशवाहा ने गणना पत्रक डिजिटाइजेशन का सौ फीसदी लक्ष्य समय से पहले ही पूरा कर लिया है। श्री कुशवाहा ने मतदान केन्द्र में दर्ज सभी मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर उसका डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कुशवाहा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। कलेक्टर ने कहा है कि अन्य बीएलओ भी श्री कुशवाहा की तरह प्रयास करके निर्धारित की गई समय सीमा में गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन का लक्ष्य पूरा करें। इस कार्य में सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैनात टीमें अच्छा कार्य कर रही हैं। समन्वित प्रयास से हम सब लक्ष्य को अवश्यक प्राप्त कर लेंगे।*

### सभी नगरीय निकायों में एक जनवरी से खुलेंगे ऑर्गेनिक बाजार

***रीवा ।*** रीवा संभाग के सभी नगर निगमों तथा तथा नगर परिषदों में एक जनवरी 2026 से ऑर्गेनिक बाजार खुलेंगे। कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने-अपने नगरीय निकायों में आर्गेनिक बाजार के लिए आवश्यक प्रबंध कर लें। अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समय लेकर ऑर्गेनिक बाजार का शुभारंभ कराएं। इसमें मुख्य रूप से ऑर्गेनिक पद्धति से प्राप्त फसलों के उत्पाद रखे जाएंगे। इसके लिए कृषि विभाग नोडल अधिकारी बनाया गया है। संयुक्त संचालक कृषि संभाग के जैविक खेती करने वाले किसानों से संपर्क करके उनकी फसलों और उनसे बने उत्पादों की बिक्री ऑर्गेनिक बाजार से कराएं।

## नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

### नरवाई जलाने पर धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

रीवा।

पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण तथा मिट्टी की उर्वरता के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में 13 अक्टूबर से लागू हो गया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं होने के कारण इसे भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार खरीफ फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से फसल की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें फसल काटने की अनुमति नही दी जायेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाने के स्थान पर फसल के अवशेष को एकत्रित करके पशुओं के भोजन के रूप में उपयोग करें। फसल अवशेष का उपयोग कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस बनाने में भी किया जा रहा है। इससे किसानों को अतिरिक्त राशि प्राप्त होगी। किसान यदि धान के बाद अन्य कोई फसल लेना चाहता है तो हैप्पी सीडर और सुपर सीडर से फसल की बोनी करे। इससे नरवाई मिट्टी में मिलकर खाद के रूप में फसल के लिए पोषण का कार्य करेगी। नरवाई को बेलर, रैकर एवं चापर मशीन की सहायता से बंडल बनाकर औद्योगिक ईधन के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी 2017 के नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दण्ड आरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा भी फसल अवशेष अथवा नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने पर किसान पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश को पालन कराने के लिए अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। साथ ही सभी अनुभागों में एसडीएम की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित की गई है। आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए खण्ड स्तर पर नायब तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी एवं थाना प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जिला दण्डाधिकारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारी के साथ नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार कर तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

### कलेक्टर ने नईगढ़ी में बीएलओ सुपरवाइजर को बैठक में दिये निर्देश

# कलेक्टर ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का लिया जायजा

मऊगंज

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने कई मतदान केन्द्रों का भ्रमण करके मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का जायजा लिया। मतदान केन्द्रों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। कलेक्टर ने गत दिवस देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 28 ग्राम करह का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नईगढ़ी में बीएलओ सुपरवाइजर को बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि सभी भरे हुए गणना पत्रक तीन दिन में कम से कम 60 प्रतिशत डिजिटाइज करें।



*इसके लिए आवश्यक हो तो अतिरिक्त तकनीकी दल जनपद पंचायत तथा नगर पंचायतों में तैनात करें। ग्राम रोजगार सहायक और पटवारी डिजिटाइजेशन में पूरा सहयोग करें। बीएलओ प्रतिदिन ऐप में फार्म अपलोड कराएं। यदि कोई मतदाता घर में नहीं मिलता है तो उस परिवार के किसी भी वयस्क सदस्य से गणना पत्रक पर हस्ताक्षर करा लें। जो महिलाएं 2003 के बाद विवाहित होकर आई हैं उनके माता-पिता के 2003 की मतदाता सूची की जानकारी मंगाकर उनका सत्यापन करें। सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना पत्रक संकलित करें। गणना पत्रक की एक प्रति हस्ताक्षरित करके मतदाता को अवश्य प्रदान करें। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, एसडीएम राजेश मेहता तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।*